दिनांक- 05.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 141/26

# महोबा पुलिस

## जनसुनवाई

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 05.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया। महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 05.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 142/26

# महोबा पुलिस

## ◈ मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

## ◈ महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महोबा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।
- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।
- साथ ही वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया का दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं OTP साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।





महोबा पुलिस

दिनांक- 05.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 142/26

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन में "शुक्रवार की परेड" की सलामी लेकर किया गया निरीक्षण, अनुशासन व एकरूपता पर दिया गया विशेष बल...।

आज दिनांक 05.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित "शुक्रवार की परेड" की सलामी ली गई। इस परेड का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की ड्रिल का गहन निरीक्षण किया गया। कदमताल, ड्रिल मूवमेंट, टर्नआउट एवं एकरूपता की बारीकी से समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

परेड में जनपद महोबा के विभिन्न थानों एवं शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मियों ने सहभागिता करते हुए अनुशासन एवं समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आदेश कक्ष में उपस्थित होकर गार्द रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ड्यूटी व्यवस्था, गार्द डिटेल एवं अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि नियमित परेड से पुलिस बल में अनुशासन, एकजुटता, शारीरिक फिटनेस एवं कार्यकुशलता का विकास होता है, जो कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आमजन को बेहतर एवं प्रभावी पुलिस सेवा प्रदान करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।









महोबा पुलिस

दिनांक- 05.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 143/26

## सर्किल कुलपहाड़ – थाना अजनर

## थाना अजनर की संयुक्त पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 17 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद में संचालित अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 04.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अजनर व0उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

उ0नि0 ऋषी शुक्ला के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान ग्राम बिजौरी के पास रुपये पैसो से हार-जीत की बाजी लगाकर ताश पत्तो से जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.फूल सिंह राजपूत पुत्र मुन्नालाल राजपूत उम्र करीब 36 वर्ष नि0 ग्राम बिजौरी थाना अजनर जिला महोबा 2.भान सिंह राजपूत पुत्र हरनारायण उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम नैगुवाँ थाना नौगाँव जिला छतरपुर 3.कमलेश राजपूत पुत्र धरनीधर उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम बिजौरी थाना अजनर जिला महोबा 4.मिन्टू उर्फ महेन्द्र पाल अहिरवार पुत्र दखलुआ अहिरवार उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम बिजौरी थाना अजनर जिला महोबा 5.चन्दू अहिरवार पुत्र हरिश्चन्द्र उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम नैगुवाँ थाना नौगाँव जिला छतरपुर म0प्र0 को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से जामातलाशी ₹ 940, मालफड़ ₹ 2060 व 52 अदद ताशपत्ता बरामद हुए।

इसी क्रम में उ0नि0 रावेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान ग्राम बिजौरी के पास रुपये पैसो से हार-जीत की बाजी लगाकर ताश पत्तो से जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.महेश अहिरवार पुत्र जोधा अहिरवार उम्र करीब 21 वर्ष 2.छक्की लाल अहिरवार पुत्र खरैया उम्र करीब 41 वर्ष 3.तुलाराम अहिरवार पुत्र गयादीन उम्र करीब 52 वर्ष निवासीगण ग्राम नैगवा थाना नौगांव जनपद छतरपुर म0प्र0 4.हलकुट्टी उर्फ हर प्रसाद पुत्र मुरारी उम्र करीब 33 वर्ष 5.रघुवीर अहिरवार पुत्र रमेश उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण ग्राम बिजौरी थाना अजनर जनपद महोबा को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से जामातलाशी ₹ 1340, मालफड़ ₹ 1730 व 52 अदद ताशपत्ता बरामद हुए।

इसी क्रम में उ0नि0 कृष्ण मुरारी मिश्रा के नेतृत्व में गठित तृतीय पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान ग्राम टिकरिया के पास रुपये पैसो से हार-जीत की बाजी लगाकर ताश पत्तो से जुआ खेल रहे 07 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.प्रेमचन्द्र राजपूत पुत्र धनप्रसाद उम्र करीब 55 वर्ष 2.महेश रैकवार पुत्र लक्ष्मी प्रसाद उम्र करीब 30 वर्ष 3.मंगल पुत्र सुन्दर श्रीवास उम्र करीब 30 वर्ष 4.मनोज राजपूत पुत्र वंशीधर राजपूत उम्र करीब 24 वर्ष 5.सौरभ अनुरागी पुत्र बृजलाल अनुरागी उम्र करीब 20 वर्ष 6.बृजभूषण पुत्र हरदयाल राजपूत उम्र करीब 26 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा 7.नीरज अनुरागी पुत्र रमेश चन्द्र उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम इमिलिया थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर म0प्र0 को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से जामातलाशी ₹ 1560, मालफड़ ₹ 2050 व 52 अदद ताशपत्ता बरामद हुए।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 90/2026, 91/2026 व 92/2026 धारा 13 जी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की गई।

**गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम –**

**प्रथम पुलिस टीम-** 1.उ0नि0 ऋषी शुक्ला 2.हे0का0 जयप्रकाश 3.कां0 भरत सिंह 4.रि0का0 शिवम 5.रि0का0 राजू 6.रि0का0 अनुज

**द्वितीय पुलिस टीम-** 1.उ0नि0 रावेन्द्र कुमार मिश्रा 2.कां0 अमर द्विवेदी 3.कां0 नरेन्द्र 4.रि0कां0 शिवम 5.रि0कां0 6.रि0का0 प्रदीप

**तृतीय पुलिस टीम-** 1.उ0नि0 कृष्ण मुरारी मिश्रा 2.का0 हरीओम 3.का0 रवि कुमार 4.रि0का0 अनिल 5.रि0का0 सुरज 6.रि0का0 रवि प्रकाश 7.रि0का0 रितेश 8.रि0का0 निलेश कुमार






# महोबा पुलिस

दिनांक- 05.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 144/26

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम 3.0" अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी अपराध श्री गौरव उपाध्याय के साथ "एक पेड़ माँ के नाम 3.0" महाभियान के अंतर्गत नवनिर्माणाधीन महिला थाना परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर जनपद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे तथा सभी के द्वारा उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया गया।

उक्त अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनमानस को जागरूक करने के साथ-साथ माँ के स्नेह, त्याग एवं संरक्षण की भावना को प्रकृति से जोड़ते हुए एक भावनात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है तथा प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अपना योगदान दे।

अंत में सभी से अपील की गई कि वे "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान से जुड़कर वृक्षारोपण करें तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें संरक्षित करें, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण प्राप्त हो सके।








दिनांक- 05.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 145/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ – थाना अजनर

## महोबा पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

## हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त मय आलाकत्ल के गिरफ्तार...।

थाना अजनर, जनपद महोबा के ग्राम आनंदपुरा में दिनांक 04.06.2026 को एक महिला द्वारा सूचना दी गई कि उनका पुत्र शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था। जब उनके पति द्वारा उसे रोका गया तो वह उनसे विवाद करने लगा। इसी दौरान उनके पति द्वारा लाठी से प्रहार कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अजनर पर मु0अ0सं0 93/2026 धारा 105 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर सार्थक प्रयास किए जा रहे थे।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

इसी क्रम में थाना प्रभारी व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह मय हमराह हे0कां0 जयप्रकाश यादव व कां0 भरत सिंह द्वारा आज दिनांक 05.06.2026 को वांछित अभियुक्त नन्हेभाई बसोर पुत्र स्व0 कारेलाल बसोर उम्र करीब 81 वर्ष निवासी ग्राम आनंदपुरा थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम आनंदपुरा स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय महोबा के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

नन्हेभाई बसोर पुत्र स्व0 कारेलाल बसोर उम्र करीब 81 वर्ष निवासी ग्राम आनंदपुरा थाना अजनर जनपद महोबा

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1.व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह
2.हे0कां0 जयप्रकाश यादव
3.कां0 भरत सिंह यादव



## महोबा पुलिस

दिनांक- 05.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 146/26

## "सीसीटीएनएस रैंकिंग में महोबा पुलिस का पहला स्थान, मुख्यालय तकनीकी सेवाएं ने पुलिस अधीक्षक महोबा सहित टीम को किया सम्मानित"

सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन के आधार पर मुख्यालय तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा अप्रैल 2026 के आंकड़ों के अनुसार जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद महोबा पुलिस ने 100% अंक प्राप्त करते हुए एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि महोबा पुलिस की कार्यकुशलता, त्वरित निस्तारण और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है।

इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह तथा सीओ सीसीटीएनएस श्री गौरव उपाध्याय सहित सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर का दायित्व निभा रहे कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी, श्री रहमान रशीद, श्री अंकुर जायसवाल, श्री इंद्रजीत सिंह के कार्यों की प्रशंसा की गयी है । मुख्यालय द्वारा टीमवर्क, उत्तरदायित्व व विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

### सीसीटीएनएस क्या है?

सीसीटीएनएस (Crime and Criminal Tracking Network & Systems) एक एकीकृत ऑनलाइन प्रणाली है, जिसके माध्यम से किसी भी अपराध से संबंधित रिपोर्ट, विवेचना की अद्यतन स्थिति, आरोपियों की गिरफ्तारी, केस डायरी से लेकर चालान प्रस्तुत होने तक की सभी आवश्यक कार्यवाही ऑनलाइन दर्ज की जाती है। यह प्रणाली पारदर्शी, तीव्र और प्रभावी पुलिस कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण आधार है।

सीसीटीएनएस रैंकिंग में शामिल प्रमुख पोर्टल इन सभी पोर्टलों पर श्रेष्ठ फीडिंग, समयबद्ध अपलोडिंग तथा सतत मॉनिटरिंग के आधार पर जनपद महोबा को पहला स्थान प्राप्त हुआ—1.CCTNS Portal के IIF Forms 2. Training Certificate Portal 3. Pared Portal 4.Field Unit Portal 5.PG Portal 6.Foot Patrolling Portal 7.CRIMAC Portal 8.ICJS Portal 9.Crime Analytical Portal 10.NAFIS Portal

पुलिस अधीक्षक महोबा एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल नेतृत्व में प्राप्त यह उपलब्धि जनपद पुलिस की तकनीकी दक्षता, अनुशासन और त्वरित निस्तारण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।




